आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. 1916 के लखनऊ पैक्ट के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है?

1. कांग्रेस ने पृथक निर्वाचन को स्वीकार किया।

2. विभिन्न प्रांतों के विधान मंडल में मुस्लिम आरक्षित सीटों पर सहमति हुई।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1, 2

(d) उपर्युक्त में कोई नही

2. जनसामान्य के बीच गांधी की लोकप्रियता आरंभ से ही क्यों अधिक रही?

1. गांधी ने अहिंसा एवं सत्याग्रह की नीति अपनायी।
2. गांधी ने रचनात्मक ग्रामीण कार्यक्रम आरंभ किया।
3. गांधी ने इस बात पर बल दिया कि फैक्ट्री के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी होनी चाहिए।
4. गांधी की यह मांग रही कि ग्रामीण क्षेत्र में भूमि का पुनर्वितरण हो।

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 3, 4

(b) 1, 2 (d) 1, 2, 3

3. कालक्रम के अनुसार, गांधी के क्षेत्रीय आंदोलनों को बढ़ते हुए क्रम में सजाइए–

(a) चंपारण, अहमदाबाद, खेड़ा

(b) खेड़ा, चंपारण, अहमदाबाद

(c) चंपारण, खेड़ा, अहमदाबाद

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

4. उपर्युक्त में कौन गांधी के अंतर्गत प्रथम अखिल भारतीय आंदोलन था?

(a) चंपारण

(b) खेड़ा

(c) रोलेट सत्याग्रह

(d) असहयोग आंदोलन

5. बीसवीं सदी के आरंभिक दशकों में क्रांतिकारी राष्ट्रवादियों के लक्ष्य में निम्नलिखित में कौन शामिल थे?

1. ब्रिटिश शासन का तख्ता पलटना
2. पूर्ण स्वतंत्रता हासिल करना
3. किसानों एवं श्रमिकों का शासन स्थापित करना

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1, 2 (d) 1, 2, 3